# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सहारनपुर में चुनावो रैली को किया सम्बोधित : गाजियाबाद में किया रोड–शो।
2. बसपा के महासचिव आकाश आनंद ने नगीना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रचार अभियान की शुरूआत की।
3. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच में 81 नामांकन निरस्त : 94 नामांकन वैध, नाम वापसी की अंतिम तिथि 8 अप्रैल।

और

4. मिर्जापुर में मां विन्ध्यवासिनी देवी धाम में आगामी नौ अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियां जोरों पर : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये किये जा रहे हैं व्यापक प्रबंध।

---

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सहारनपुर में चुनावी रैली और गाजियाबाद में रोड–शो किया। सबसे पहले प्रधानमंत्री ने सहारनपुर में पार्टी के उम्मीदवार राघव लखनपाल और कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव केवल सरकार गठन का चुनाव ही नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यदि इरादा सही है तो परिणाम भी सही होगा। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है और हम चाहते हैं कि हमारी नीतियां प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे और इसके लिये हमने दस वर्षों तक काम किया है यही वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सोच यही है कि सरकार की योजनाएं हर वर्ग, हर जाति, हर व्यक्ति तक पहुंचे और इसलिये भाजपा सरकार ने पूरी ताकत से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चहुमुखी विकास के लिये काम किया है जिससे प्रत्येक नागरिक का जीवन आसान हुआ है।

प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल के बारे में बात करते हुए एक जिला एक उत्पाद योजना की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि अभी तक आप लोगों ने जो कुछ देखा है वह मात्र एक ट्रेलर है। विकसित भारत के लिये अभी बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम नए भारत को देख रहे हैं, जो वैश्विक नायक के रूप में जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्वस्तरीय ढांचागत सुविधाओं के लिए जाना जाता है और भारत विश्व को विकास का मॉडल प्रदान कर रहा है।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, ब्रजेश सिंह और सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल, कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी भी मौजूद रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजियाबाद में रोड–शो किया। इस रोड–शो में उनके साथ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

——————————

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी प्रमुख मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद ने आज बिजनौर की नगीना लोकसभा सीट से प्रचार अभियान की शुरूआत की। आकाश आनंद ने नगीना सुरक्षित क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी के सुरेन्द्र सिंह के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित किया। आकाश ने कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधते हुए

मतदाताओं से बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की।

उधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बिजनौर में दो स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये किये जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत की धूम पूरी दुनिया में है।

———————

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कल गाजीपुर के दौरे पर रहेंगे। इस मौके पर वह मुख्तार अंसारी के परिजनों से भी मुलाकात करेंगे।

———————

भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज अमरोहा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाआें का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिला है। अमरोहा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए श्री पाठक ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों के शासनकाल में विकास का कोई काम नहीं हुआ है जबकि 2014 के बाद देश और विदेश में भारत की छवि बेहतर हुई है।

——————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। दूसरे चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिये 175 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किये गये थे। नामांकन पत्रों की जांच में 94 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये हैं जबकि 81 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद 94 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आठ अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

——————————

निर्वाचन आयोग–ई.सी.आई. ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप पर प्रसारित हो रहे संदेश को गलत बताया है, जिसमें 15 लाख ई.वी.एम. गायब होने का दावा किया गया एक सोशल मीडिया पोस्ट में निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दावा भ्रामक है। यह भी बताया गया कि एक भी ईवीएम गायब नहीं हुई है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी ईवीएम अनियमितता वाली याचिका को खारिज कर दिया है। ई.सी.आई. ने कहा कि विश्वसनीय सूचना के लिए आयोग के आधिकारिक वेबसाइट को देखें।

——————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए वर्षों से पार्टी के निर्माण में उनकी कडा मेहनत, संघर्ष और बलिदान के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को एनडीए का अभिन्न हिस्सा बनने पर गर्व है और वह अपने सहयागी दलों की भागीदारी को महत्व देती है।

भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा को विश्व का सबसे बडा राजनीतिक दल बनान पर पार्टी कार्यकर्ताओं को

धन्यवाद दिया। श्री नड्डा ने पार्टी के राष्ट्रव्यापी विस्तार करने के लिए वरिष्ठ नेताओं के प्रति भी सम्मान जताया।

—————————

आगामी नौ अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र की तैयारियां जोरों पर है। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिये श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की आज एक बैठक हुई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या के नगरीय और ग्रामीण इलाकों में सौ से अधिक स्थानों पर एलईडी के माध्यम से राम जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। इसके साथ ही पन्द्रह से अट्ठारह अप्रैल के बीच श्रद्धालुओं के लिये रामलला के दर्शन का समय बढ़ाया गया है।

उधर मिर्जापुर में मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में नौ अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियां जोरों पर हैं। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये व्यापक बन्दोबस्त किये जा रहे हैं। पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था रहगी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मन्दिर परिसर और कारीडोर में एक कंट्रोल रूम स्थापित कर आसपास के क्षेत्र की निगरानी की जायेगी। नवरात्र मेला के दौरान मंदिर के गर्भ गृह में चरण स्पर्श पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

——————————

चैत्र रामनवमी मेले को लेकर 14 अप्रैल से अयोध्या में हाईवे पर अस्थाई बस स्टैंड शुरू हो जाएगा। परिवहन निगम के एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम 120 अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। गौरतलब है कि श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार पड़ रही रामनवमी के अवसर पर 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। वहीं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट नें श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह अपने घरों पर ही रामनवमी मनायें।

——————————

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने के लिये प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज चित्रकूट में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषकर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये आंगनबाड़ी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मऊ में नेहरू युवा केन्द्र और विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया। बुलंदशहर में स्वोप कार्यक्रम के

तहत मतदान प्रतिज्ञा रैली निकली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वहीं बदायूं में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं नें चुनावी पाठशाला का आयोजन किया। इसी प्रकार वाराणसी में चुनावों को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आदर्श आचार संहिता के तहत आने वाले नियमों की जानकारी दी।

——————

कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए आज छह उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। पार्टी ने उत्तरी गोवा निर्वाचन क्षेत्र से रमाकांत खलप और दक्षिणी गोवा निर्वाचन क्षेत्र से कैप्टन विरियाटो फर्नांडीस को मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सिकरवार और ग्वालियर से प्रवीण पाठक पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

——————

भारतीय जनता पार्टी के नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में आज लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा, बसपा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रमुख रूप से बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव के पुत्र अजय नरेश यादव, सपा से पूर्व विधायक रमेश कुमार

कुशवाहा शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी नेताओं का स्वागत करते हुए विकसित भारत के संकल्प के साथ जुड़कर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्य में सहयोग का आह्वान किया।

——————————